॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

प्रभु! मेरा जो क्रियात्मक जीवन है मैं उसे सदैव चाहता रहता हूँ कि मेरा जीवन इस संसार में कर्मठता को प्राप्त होता रहे। क्योंकि कर्मठता ही तो जीवन है अकर्मण्यता ही मृत्यु हैं, जिसे हमें जानना है हम सदैव अपने जीवन में विचार-विनिमय करते रहते हैं। हे भगवन्! तू वास्तव में विचारकों का भी विचारक है सदैव अखण्ड रहने वाला है तेरा संसार में कोई विभाजन भी नहीं कर पाता, तू इतना महान् है और विभु माना गया है जो सर्वत्र ओत-प्रोत है। मैं आपके चरणों की वन्दना करने आ रहा हूँ, प्रभु! यह जो अन्तरिक्ष है यह आपका मस्तिष्क ही है, प्रभु! ये जो दिशाएँ हैं यही तो आपकी भुजाएँ हैं यह पृथ्वी ही तो आपके तालू का कार्य कर रही है, भगवन्! आप जो पृथ्वी पर विचरने वाले नदीवत हैं यह आपके नाना स्त्रोत हैं, आपके शरीर के स्त्रोत हैं पर्वत अस्थियों का कार्य करते रहते हैं। भगवन्! यह जो सारा जगत है यह एक ब्रह्म के स्वरूप में मुझे दृष्टिपात आ रहा है।

प्रभु! यह जो संसार मुझे दृष्टिपात आ रहा है यह क्या है? इसको मैं जान नहीं पाता, जहाँ केवल अपने ही मानववत को नष्ट किया जाता हो। प्रभु! मुझे यह जगत सुन्दर प्रतीत नहीं होता, मुझे तो केवल एक ब्रह्म ही प्रतीत होता है जिसका यह विराट ब्रह्माण्ड एक शरीरवत् प्रतीत होता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 565 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 640
वर्ष : 48 44 समग्र वर्ष : 54

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. आत्म-चिन्तन	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-22
4. शतपथ ब्राह्मण	पूज्यपाद-गुरुदेव	23-35
5. ऋषियों के उद्‌गार		36
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		37-42

ऋग्वेद ब्रह्म पारायण याग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से पूज्यपाद-गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज की सद्‌प्रेरणा एवम् आशीर्वाद से वैदिक अनुसन्धान समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ऋग्वेद ब्रह्म पारायण याग का आयोजन आर्य समाज मालवीय नगर नई दिल्ली के प्रांगण में दिनाँक 13 दिसम्बर 2019 से 15 दिसम्बर 2019 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सभी अपने सम्बन्धियों, मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

वैदिक अनुसन्धान समिति (पंजी.)

आप सभी को दशहरा एवम् दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

॥ ओ३म् ॥

आत्म-चिन्तन

जीते रहो!

देखो मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं और उसका ज्ञान और विज्ञान भी अनन्तमयी माना गया है। क्योंकि सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके वर्तमान के काल तक नाना विज्ञानवेत्ता हुए हैं परन्तु कोई विज्ञानवेत्ता ऐसा नहीं हुआ, जो परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान को सीमाबद्ध कर सके। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा सीमा में आने वाले नहीं हैं। वो सीमा से रहित हैं और उसका ज्ञान और विज्ञान भी अनन्तमयी माना गया है। हमारे यहाँ सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके वर्तमान तक नाना विज्ञानवेत्ता हुए हैं परन्तु कोई विज्ञानवेत्ता ऐसा हुआ है, जिन्होंने आध्यात्मिक और भौतिक विज्ञान के ऊपर अपना अन्वेषण किया। परन्तु कुछ विज्ञानवेत्ता ऐसे हुए हैं जिन्होंने परमाणुवाद को ही जानने में अपना गौरव स्वीकार किया। परन्तु कुछ विज्ञानवेत्ता ऐसे हुए, जो मानो एक-एक परमाणु में ब्रह्माण्ड का दर्शन करते रहे हैं। मेरे प्यारे! एक परमाणु का विभाजन किया, और उसमें इतना ब्रह्माण्ड निहित होता है कि उसमें सर्वत्र ब्रह्माण्ड का चित्रण, वे प्रायः अपने में दृष्टिपात करते रहे हैं। तो आज मैं तुम्हें विज्ञान के युग में तो ले जाऊँगा नहीं। केवल विचार यह कि हमारे यहाँ कुछ विज्ञानवेत्ता ऐसे हुए हैं, जिन्होंने मुनिवरों! देखो आध्यात्मिकवाद को और आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता अपने में महान् कहलाए गए।

आनन्द की अनुभूति

जब हम इन वाक्यों के ऊपर विचार-विनिमय करते हैं, तो परमात्मा का, यह परमपिता परमात्मा का अनन्तमयी जगत, मेरे प्यारे! हमारे समीप आता रहता है। और विचारते रहते हैं कि वह परमपिता परमात्मा इतना अनूठा है, उसका ज्ञान और विज्ञान भी इतना अनूठा है। परन्तु उसको हम उपास्यदेव अपना स्वीकार करते हुए, मानो अपने में उसकी प्रतिभा का चिन्तन और मनन करते रहें, जिससे हमारा अन्तर्हृदय आन्तरिक जगत पवित्र बनता हुआ और इस संसार से हम पार हो जाए। जो मान-अपमान वाला सागर है, इस सागर से प्रत्येक प्राणी बेटा! अपने को दूरी ले जाना चाहता है। मानव देखो इसी के ऊपर अन्वेषण और विचार-विनिमय करता रहा है। एकान्त स्थलियों पर विद्यमान हो जाता है सूर्य मानो अस्ताचल को चला जाता है। रात्रि छा जाती है परन्तु रात्रि के गर्भ में प्रवेश करके वह अपने में ध्वनित होता रहता है और ध्वनियों को अपने में धारण करता हुआ, मेरे प्यारे! देखो, परमात्मा की इस आनन्दमयी ध्वनि को अपनी ध्वनि से मुनिवरों! देखो उसका समन्वय करने लगता है। तो हमारे ऋषि-मुनियों ने बेटा! जहाँ भौतिक विज्ञान को जानने का प्रयास किया, वहाँ आध्यात्मिक विज्ञान में भी उन्होंने प्रवेश किया। क्योंकि जब तक आध्यात्मिक और भौतिकवाद का समन्वय नहीं हो जाता, तब तक मुनिवरों! देखो हमें आनन्द की अनुभूति नहीं होती और हम केवल एक विज्ञान को ले करके गमन करते हैं। भौतिक विज्ञान को, अणु और परमाणु को ले करके जब हम गमन करते हैं तो मानो देखो यह ब्रह्माण्ड और अणु में हम प्रवेश तो हो जाते हैं, परन्तु अपङ्ग बन जाते हैं। और अपङ्ग जब तक रहते हैं, जब तक हमें आध्यात्मिक विज्ञान में हम जब तक प्रवेश नहीं हो जाते। और आध्यात्मिकवाद व भौतिक विज्ञान का, दोनों का एक, दोनों मनके एक सूत्र में जब तक नहीं पिरोये जाते तब तक मानव बेटा! अपङ्ग बना ही रहता है। तो आज मैं मुनिवरों! देखो इस सम्बन्ध में विशेषता नहीं,

केवल ये कि आज का हमारा वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा की महती का गुणगान गा रहा है अथवा उसके गुणों का वर्णन कर रहा है। उसका ''गुणाम् ब्रह्माः गुणा ध्यानम्'' अपने में हम धारयामी बने रहें।

मेरे पुत्रों! आज का वेद का मन्त्रः उस परमपिता परमात्मा जो अनन्तमयी विज्ञानवेत्ता है, जो विज्ञानमयी स्वरूप है, वेत्ता ही नहीं। क्योंकि विज्ञान उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है और वो उसी में वास कर रहा है। वह विज्ञान से पृथक् नहीं हो सकता। इसीलिए हम देखो उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान के ऊपर सदैव अपने में धारयामी बने रहें। और धारणा बनाए रहें कि हम परमपिता परमात्मा के आनन्दमयी स्रोत को अपने में पान करना चाहते हैं। अपने में धारण करना चाहते हैं। तो हम उस परमपिता परमात्मा की महिमा का सदैव गुणगान गाते रहें और उसके आनन्दमयी स्त्रोतों को अपने में धारण करते रहें। क्योंकि संसार में जितना भी मानव क्रियाकलाप कर रहा है, जितना भी मानव अपने में अपनेपन को अपने में धारण कर रहा है और वह जितने भी अनुष्ठान करता है, याग करता है, ध्यानावस्थित हो जाता है, प्राणायाम करता है, रेचक और कुम्भक और पूरक में प्रवेश कर जाता है। मेरे प्यारे! वो इसलिए कि हम, मैं परमआनन्द को प्राप्त करने लगूँ। प्रत्येक मानव की परम्परागतों से ही एक ही धारणा रही है कि मैं आनन्द को प्राप्त करने जाऊँ। और मैं जिस आनन्द से मेरा विच्छेद हो गया है, उस आनन्द को मैं पुनः से अपने में धारण करने लगूँ।

आओ मेरे पुत्रों! आज मैं तुम्हें, मानो विशेषता में तो नहीं ले जाऊँगा। आज का एक वेद मन्त्र आ रहा था ''यज्ञम् ब्रहा ब्रहे कृतम् दिव्यम् ब्रह्माः वर्णस्सुतम् ब्रह्माः''। मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें व्याख्या नहीं कर पाऊँगा, केवल तुम्हें परिचय देने के लिए आया हूँ और वह परिचय देना हमारा कर्त्तव्य है। मेरे पुत्रों! आओ आज मैं, आज का हमारा वेद

मन्त्र और वेदों की प्रतिभा हमें बहुत ऊर्ध्वा में गमन करा रही है। परन्तु आज का वेद का मन्त्र याग के ऊपर बड़ा बल देता चला जाता है। कई समय से बेटा! आध्यात्मिक और भौतिक विज्ञान दोनों की विवेचना हो रही थी। आज भी वेदों में इस प्रकार के हमारे पठन-पाठन में मन्त्रों का उद्गीत गाया जा रहा था कि हम आध्यात्मिक और भौतिकवाद में पुनः से प्रवेश कर जाएँ। परन्तु देखो इसका कोई मापदण्ड नहीं है, क्या कितना आध्यात्मिकवाद बेटा! विचार-विनिमय करता हुआ अन्त में मानव मौन हो जाता है। परन्तु विचार और उसकी प्रतिभा समाप्त नहीं होती। इसी प्रकार एक-एक इन्द्रिय के ऊपर अन्वेषण करते रहो, विचार विनिमय करते रहो। बेटा! अन्त में मौन हो जाओंगे और मौन होकर के इन्द्रिय के विषय से दूरी चले जाओंगे।

महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि के विद्यालय में आध्यात्मिकवाद और भौतिक विज्ञान का समन्वय

मेरे पुत्रों! मैं, इस सम्बन्ध में भी नहीं, आज केवल तुम्हें यह विचार देने के लिए आया हूँ कि हमारे ऋषि-मुनियों ने, बेटा! अपने यहाँ कितना अन्वेषण किया है। उन्होंने आध्यात्मिकवाद और भौतिक विज्ञान को मानो एक सूत्र में लाने का उन्होंने प्रयास किया है।

आओ मेरे पुत्रों! देखो संङ्कलमम् ब्रव्हा सङ्कलम में सर्वत्र जगत उन्होंने स्वीकार किया है। परन्तु देखो उन्होंने एक-एक वस्तु के ऊपर कितना विश्लेषण किया है। विश्लेषण यदि हम करने लगें तो समय की आवश्यकता होती है। आज तो केवल तुम्हें मैं परिचय कराने जाऊँगा उन वाक्यों का। आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि के विद्यालय में ले जाना चाहता हूँ। जहाँ मुनिवरों! देखो याज्ञवल्क्य मुनि महाराज अपने यहाँ प्रातःकालीन विद्यालय में याग कर रहे थे। ब्रह्मचारी एक पंक्ति में विद्यमान हैं। बेटा! याग जैसे ही सम्पन्न हुआ और याग के सम्पन्न होने के पश्चात, मुनिवरों! देखो ब्रह्मचारी उपस्थित हो गए।

ब्रह्मचारियों ने कहा प्रभु! आपसे हम कुछ प्रश्न करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बोलो तुम क्या चाहते हो। मेरे प्यारे! देखो उन्हीं ब्रह्मचारियों में एक यजमान बना, एक मानो प्रश्नकर्त्ता बन गया। जिज्ञासु बन गया। मेरे प्यारे! देखो, जिज्ञासु ने कहा हे प्रभु! ये यजमान उपस्थित हैं, और ये यजमान याग करना चाहते हैं तो कितने होता होने चाहिए इनके याग में?

याग का क्रम

मेरे पुत्रों! महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि बोले, क्या देखो, हमारे यहाँ तो वेद मन्त्रों में ऐसा आया है कि यजमान यदि याग करना चाहता है तो उसके चौबीस होता होने चाहिए और चौबीस होताओं के द्वारा याग होना चाहिए। यागाम् भवतम् ब्रह्मेः। क्योंकि ये जो परमपिता परमात्मा का जो ये ब्रह्माण्ड है ये भी एक प्रकार की यज्ञशाला है। इसमें मानो देखो आत्मा यजमान हैं। पञ्चमहाभूत बेटा! होता, उद्गाता बने हुए हैं, और परमपिता परमात्मा स्वयँ ब्रह्मा बन करके इसका संचालन कर रहा है। इसी प्रकार ये जो ब्रह्मणे वृतम् जो यजमान याग करना चाहता है, चौबीस होता होने चाहिए। इसी प्रकार परमात्मा के इस संसार रूपी यज्ञशाला में भी चौबीस होता कहलाते हैं। तो मेरे प्यारे! देखो ऋषि ने जब ऐसा कहा, तो ब्रह्मचारी ने कहा, हे प्रभु! हम याग, यजमान कहता है, क्या भगवन् यजमान याग करना चाहता है तो कितने होता होने चाहिए? उन्होंने कहा, यजमान याग करना चाहता है तो सत्रह होताओं के द्वारा याग होना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो, पुनः जब ये प्रश्न किया, क्या महाराज यजमान याग करना चाहता है, कितने होता होने चाहिए? तो उन्होंने कहा, याज्ञवल्क्य मुनि बोले की ग्यारह होताओं के द्वारा याग होना चाहिए। पुनः जब ब्रह्मचारी ने ये प्रश्न किया जिज्ञासा से किया हे प्रभु! यजमान कहता है कि मैं याग करना चाहता हूँ, कितने होता हों? उन्होंने कहा देखो नौ होताओं के द्वारा तुम्हारा याग सम्पन्न होना चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो पुनः जब ये प्रश्न किया, क्या यजमान याग

करना चाहता है प्रभु, कितने होता होने चाहिए? उन्होंने कहा सप्त होताओं के द्वारा याग होना चाहिए। जब पुनः प्रश्न किया। उन्होंने कहा, यजमान याग करना चाहता है, कितने होता? उन्होंने कहा पञ्च होताओं के द्वारा याग होना चाहिए। पुनः जब ये प्रश्न किया कि महाराज, यजमान याग करना चाहता है, कितने होता? उन्होंने कहा, तीन होताओं के द्वारा। जब पुनः प्रश्न किया तो बेटा! दो रह गए। दो के असुतम, पुनः प्रश्न करने के पश्चात् बेटा! एक होता रह गया।

चौबीस होता

विचार आता रहता है। बेटा! याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने इस संसार को मापने का प्रयास किया। और आध्यात्मिक और भौतिकवाद से इस संसार को मापने का प्रयास किया। मेरे प्यारे! देखो, अब ब्रह्मचारी कहता है, हे प्रभु! ये जो चौबीस होता कौन से वे, जिनके द्वारा यजमान याग करना चाहता है? मेरे प्यारे! देखो महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज कुछ समय मौन हो गए और मौन हो करके, ब्रह्मचारी के प्रश्नों का उत्तर देने लगे। उन्होंने कहा, यजमान याग करना चाहता है, परन्तु यागाम् भवतम् ब्रह्मणे, कृतम् दिव्यप्रव्हा कृतम् दिव्यलोकाः क्या यजमान जब याग करना चाहता है तो कितने होता जानना चाहते हो? मानो चौबीस होता कहलाते हैं। जब परमपिता परमात्मा ने इस सृष्टि का सृजन किया, यज्ञशाला का सृजन किया तो मानो ये शरीर रूपी यज्ञशाला का निर्माण किया। यहाँ बेटा! ऋषि-मुनियों की बड़ी विचित्र शैली रही है चिन्तन और मनन करने की। आध्यात्मिकवाद और भौतिकवाद को दोनों को एक ही सूत्र में लाने का बेटा! ऋषि ने प्रयास किया है। वेदात्म ब्रह्मेः वेद मन्त्रों के आधार पर ऋषि कहता है, क्या चौबीस होता, अमृतम् देखो, दस इन्द्रियाँ हैं और दस प्राण हैं और पञ्चमहाभूत। मेरे प्यारे! देखो ब्रह्मणे कृतम् देवत्वाम्। मुनिवरों! देखो उन पञ्चमहाभूतों में, मुनिवरों! देखो वह चित्त का मण्डल भी आ जाता

है। तो मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार ये चतुष अन्तःकरण कहलाया गया है और उसमें दस प्राण, दस इन्द्रियाँ। तो मुनिवरों! देखो ये चौबीस होताओं की यज्ञशाला है बेटा! जिसमें यजमान याग कर रहा है, प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय मुनिवरों! देखो प्राणों से याग कर रहा है और वह अपने में गतिवान हो रहा है। मेरे पुत्रों! देखो प्रत्येक इन्द्रियों के विषयों को जानना चाहता है। मेरे पुत्रों! देखो, वह **मन, बुद्धि, चित्त, अहङ्कार, ये अन्तःकरण कहलाता है** इसमें बेटा! जन्म-जन्मान्तरों के संस्कार विद्यमान होते हैं। मेरे पुत्रों! देखो इसको मनम् ब्रहे, देखो मन और मन की ऊर्ध्वधारा, मुनिवरों! देखो बुद्धि और बुद्धि से मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार ये चतुष अन्तःकरण, बेटा! बुद्धि के नाना प्रकार हैं, मनस्तत्त्व के नाना प्रकार हैं। व्याख्याकार तो बेटा! इसके ऊपर नाना पोथियों का निर्माण कर लेता है। परन्तु देखो संक्षिप्त परिचय ये है, क्या मुनिवरों! देखो बुद्धि के चार प्रकार माने हैं, बुद्धि, मेधा, ऋतम्भरा और प्रज्ञावी कहलाती हैं। ये चार प्रकार की बुद्धियाँ हैं। और भी नाना बुद्धियाँ मानी हैं जिसे हम सुमिता कहते हैं, गौ कहते हैं, धेनु कहते हैं, रेणुका कहते हैं, सम्भूति कहते हैं। बुद्धि के नाना प्रकार माने गए हैं बेटा! इनके नाना पर्यायवाची शब्द आते रहते हैं। तो विचार आता रहता है, मुनिवरों! देखो मन के भी नाना प्रकार के मानो पर्यायवाची हैं। इसको मन भी कहते हैं, मनस्तत्त्व भी कहते हैं, वक्र भी कहते हैं, व्रति भी कहते हैं, इसको भी नाना प्रकार से माना गया है। परन्तु मैं इनकी विवेचना तो तुम्हें नहीं दे सकूँगा क्योंकि मैं व्याख्यान देने नहीं आया हूँ, तुम्हें इनका परिचय देने के लिए आया हूँ। मेरे पुत्रों! देखो ब्रह्मणे व्रहा, मन, बुद्धि, चित्त, अहङ्कार, नाना प्रकार माने गए हैं। बेटा! देखो दस प्राण हैं, देखो जिनमें प्राण, अपान, उदान, समान और व्यान। मेरे पुत्रों! देखो, ये मानो देखो पाँच प्राण हैं, और पाँच उपप्राण हैं, नाग, देवदत्त, धनञ्जय और कुरू और कृकल ये दस प्राण कहलाते हैं। मेरे पुत्रों! देखो इन दसों प्राणों का जो समावेश जानता है, दस प्राणों

की प्रतिभा को जानता है जिसका मानव शरीर से और ब्रह्माण्ड से क्या-क्या समन्वय रहता है, और प्राण को हम, कौन से प्राण को हम अपने में धारण करके हम चित्त के मण्डल को जान सकते हैं।

बेटा! मुझे, एक वाक्य स्मरण आ रहा है। वायु गोत्र में बेटा! एक सुमिता नाम के ऋषि हुए। उन्होंने बेटा! देखो पचासी वर्षों तक मौन रह करके और वायु का सेवन करके, अन्न जल का सेवन करके समय-समय पर, मेरे प्यारे! देखो मौन रह करके कोई वाक्य भी उच्चारण नहीं किया था। तो उन्होंने बेटा! अपने पचासी जन्मों के संस्कारों को जान सके थे। क्या एक सौ पचासी जन्मों में मानो देखो मेरी क्या-क्या गतियाँ रही हैं, उनको जान गए थे। आगे के जीवनों को भी बेटा! देखो योगेश्वर जान सकता है। आज बेटा! मैं इस सम्बन्ध में या प्राण के सम्बन्ध में कुछ विशेषता नहीं, केवल यह, क्या मुनिवरों! देखो इन प्राणों को जाना जाए। जैसे मैने पुरातन काल में कहा है, क्या माता जब अपने गर्भ की आत्मा से वार्त्ता प्रगट करती है तो बेटा! मैं ये कहा करता हूँ, पुरातन काल में भी, मेरे प्यारे! मेरी पुत्रियाँ, मानो विद्यालय में प्राणायाम की शिक्षा का अध्ययन होता रहा है। प्राण को अपान में, अपान को व्यान में और व्यान को समान में और समान को उदान में बेटा! जब इनको सिमट लिया जाता है, तो उस समय मेरी प्यारी माता अपने गर्भ के शिशु से वार्त्ता प्रगट कर लेती है।

मेरे प्यारे! इसी प्रकार जब मानव इस प्रकार के प्राणायाम करने लगता है तो अन्तर्मुखी हो करके बेटा! देखो, बाह्य जगत से विमुख हो करके व आन्तरिक जगत में मेरे प्यारे! देखो अपने में अपने को ले जाता है। बाह्य जगत से वो सिमट जाता है। तो मेरे पुत्रों! देखो ये प्राण को जानना चाहिए। तो मानो देखो पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं, पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। इन इन्द्रियों के ऊपर अन्वेषण होना चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो, जब ऋषि ने ये कहा, क्या मानो ये चौबीस खम्बों वाला ब्रह्माण्ड है, चौबीस खम्बों वाला ये मानव शरीर है और चौबीस खम्बों की बेटा! ये सुन्दर

यज्ञशाला है इसमें यजमान याग कर रहा है। जिसमें बेटा! यजमान स्वाहा कह करके अपनी वाणी को, अपने चित्रों को और अपने क्रियाकलापों को बेटा! वो द्यौ में प्रवेश करा देता है। बेटा! द्यौ में प्रवेश हो जाते हैं। वही समय-समय पर बेटा! चित्त मण्डल में प्रवेश होते रहते हैं। तो आओ मेरे पुत्रों! मैं इस सम्बन्ध में विशेषता नहीं, केवल विचार-विनिमय यही है कि हम अपने में अपनेपन को इतना जानने लगें, क्या अपने में ही मुनिवरों! देखो सिमट जाए। और अपने को ही जगत में, बाह्य जगत भी अपने में ही सिमट जाए, हम उसमें सिमट जाएँ वह हम में सिमट जाए तो बेटा! एक आनन्द की अनुभूति होने लगती है।

आओ मेरे पुत्रों! देखो इस सम्बन्ध में विशेषता नहीं, केवल विचार-विनिमय यह कि मुनिवरों! देखो ऋषि कहता है, वेद का आचार्य कहता है, हे ब्रह्मचारियों! हे याज्ञिक पुरुषों! तुम याग करना चाहते हो, तो मानो तुम ये चौबीस होताओं का याग प्रारम्भ करो जिससे तुम्हारी प्रत्येक इन्द्रियाँ पवित्र बन जाए और तुम ब्रह्माण्ड में ब्रह्मण्डित हो जाओ। मेरे पुत्रों! देखो, याज्ञवलक्य मुनि महाराज ने यह वाक्य कहा।

सत्रह होता

जब यह कहा, तो उन्होंने कहा, हे भगवन्! इन वाक्यों को तो हम पूर्व ही जानते रहे हैं। हम यह जानना चाहते हैं, प्रभु देखो सत्रह होता के द्वारा जो यजमान याग करता है वो सत्रह होता कौन से हैं? उन्होंने कहा, हे ब्रह्मचारियों! यह जो मानव का जो स्थूल जगत है, स्थूल जो शरीर है, इसमें चौबीस होता हैं। जब इसको त्याग देता है तो मानो देखो सूक्ष्म शरीर रह जाता है। और वह सूक्ष्म शरीर में मुनिवरों! देखो, दस प्राण हैं, दस प्राण, मन, बुद्धि और मुनिवरों! देखो, ये प्रकृति की अमृताम् और देखो ये पञ्च वासनाएँ रह जाती हैं। तो ये मेरे पुत्रों! देखो ये सत्रह होता, सत्रह अमृताम्, सत्रह तत्वों का यह शरीर कहलाता है। तो आओ मेरे पुत्रों! देखो ''सतम् ब्रह्माः क्रम लोकम् वर्णवृत्ताः, वेदम् ब्रह्माः कृतम्

लोकम् ब्रहेस्सुताः'' ये सत्रह तत्वों का शरीर माना गया है। मेरे पुत्रों! देखो जो मानव याज्ञिक बना हुआ है और वो याग करना चाहता है, यह आध्यात्मिक याग बन जाता है। इसको आध्यात्मिकवाद कहते हैं।

मेरे पुत्रों! इसकी आवृत्तियों में बेटा! एक शरीर और है जिसको हमारे यहाँ कारण लिङ्ग के रूप में वर्णित किया गया है। वह **कारण शरीर** कहलाता है जिसमें बेटा! ज्ञान और प्रयत्न रह जाता है। **प्रकृति का मण्डल हमारे यहाँ ज्ञान का माध्यम है और क्रिया का माध्यम बेटा! प्राण, जिसको हम प्रयत्न के रूप में वर्णित करते रहते हैं।** तो मेरे पुत्रों! देखो आज मैं तुम्हें दर्शनों में ले जा रहा हूँ, ये मानवीय दर्शन है। तो वेद का ऋषि कहता है क्या ये जो सत्रह होताओं का ये मानो ये यज्ञशाला में याग करने वाले होताजन हैं, ये सत्रह होताओं को जानने वाला, पञ्चमहाभूतों को और मुनिवरों! देखो, दस प्राण और मन और बुद्धि को, इन सर्वत्र को जानता हुआ मुनिवरों! देखो वह सत्रह होताओं का याग यजमान करने वाला जब बन जाता है तो बेटा! उसे आनन्द की अनुभूति होने लगती है। वह आनन्द के स्त्रोतों को जानने लगता है। **मुनिवरों! देखो, वह जब कारण शरीर में प्रवेश हो जाता है, तो मुनिवरों! देखो, वह मोक्ष की पगडण्डी को ग्रहण करने लगता है।** इसे वह अपने में देखो अपनापन ही दृष्टिपात आता है।

आओ मेरे पुत्रों! ऋषि-मुनियों की यह शैली रही है, विचार-विनिमय करने की कि ध्रुवा से ऊर्ध्वा में और ऊर्ध्वा से ध्रुवा में। तो मुनिवरों! देखो ये दोनों प्रकार की शैली हमारे ऋषि-मुनियों की बड़ी विचित्रतम रही है। आदि ऋषियों ने इसके ऊपर बड़ी टिप्पणियाँ और विचार-विनिमय दिए हैं। और जिज्ञासुओं ने अपनी जिज्ञासाएँ प्रगट की हैं।

ग्यारह होता

मेरे पुत्रों! देखो, ब्रह्मचारियों ने पुनः जब प्रश्न किया कि महाराज,

ग्यारह होता कौन से हैं, जिनके द्वारा याग करता है यजमान? उन्होंने कहा ग्यारह होता, दस इन्द्रियाँ ग्यारहवाँ मन कहलाता है। जब भी यजमान अपनी यज्ञशाला में विद्यमान हो तो वह मानो देखो दसों इन्द्रियों को और देखो, ये ग्याहरवाँ जो मन है, इससे जो कटिबद्ध रहते हैं, इनको एकाग्र करता हुआ जब वह याग प्रारम्भ करता है तो उसका बेटा! देखो बाह्य याग और आन्तरिक याग, दोनों ही पवित्रता को प्राप्त हो जाते हैं। वे पवित्रतम् बन जाते हैं। तो दोनों प्रकार के यागों में मानव को संलग्न रहना चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो, वह पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं, पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। मेरे पुत्रों! देखो, **ज्ञानेन्द्रियों का जो साकल्य बनाना जानता है, वह दोनों प्रकार के याग को जानता है। और जो मुनिवरों! देखो यह अमृतम्, अवृतम् देखो जो कर्मेन्द्रियाँ हैं, जो इनको जानता है वह बाह्य जगत को जानता है।** मेरे पुत्रों! देखो, दोनों इन्द्रियों के ऊपर हमें अन्वेषण करना चाहिए, विचार-विनिमय करना चाहिए। बेटा! बाह्य जगत प्रत्येक इन्द्रियों में समाहित रहता है पाँच कर्मेन्द्रियों में और जितना भी ये परमाणुवाद है, अणुवाद है, विज्ञानवाद है, प्रकृतिवाद है, ब्रह्मचरिष्यामिवाद है बेटा! ये सर्वत्र मानो देखो ज्ञानेन्द्रियों में समाहित रहता है। मेरे प्यारे! ज्ञानेन्द्रियों के विषयों को जानता-जानता, मानव बहुत दूरी चला जाता है। विचारता रहता है, अन्त में मौन हो जाता है। सिमटकर हृदय में आ जाता है। प्रत्येक इन्द्रियों का विषय जब हृदय में समिट जाता है तो मुनिवरों! देखो, हृदय अगममयी बन जाता है, पवित्रमयी बन जाता है। तो मुनिवरों! देखो, वेद का ऋषि कहता है। हे ब्रह्मचारियों देखो, दस इन्द्रियाँ है, ग्यारहवाँ मन है। मन से ये इन्द्रियों का विषय कटिबद्ध रहता है। क्योंकि ये **जो मन है, ये प्रकृति का सबसे सूक्ष्म तन्तु माना गया है।** क्योंकि हमारे यहाँ जब भी ब्रह्मचरिष्यामि की विवेचना हुई है तो ब्रह्म और चरि दो प्रकार के शब्द बेटा! मानव के समीप आए हैं। वह दोनों शब्द हैं, ब्रह्म और चरि। ब्रह्म कहते हैं परमपिता परमात्मा को और चरि कहते हैं

प्रकृति को। मेरे पुत्रों! देखो, चरि और ब्रह्म का जब दोनों का समावेश होता है तो ये जगत रचना में आ जाता है। ये मानो देखो उग्रता, जब उत्पन्न हो जाती है तो उग्रता को उग्रता ने उग्रता को प्रदान कर दिया। ये कैसा अनुपम जगत है पुत्रों। ये कैसा अद्भुत है, क्या मानो देखो परमात्मा उग्रवादी बना, प्रकृति से सम्मिलान हुआ, रचना हो गयी और वही मुनिवरों! देखो, उग्रवाद को समर्पित करके अपने में सिमट गयी। तो विचार आता रहता है, बेटा! उग्र ने उग्रवाद को जन्म दे करके उसी को मानो उसी में वो सिमट जाता है। उसी में ओत-प्रोत हो जाता है। तो बेटा! देखो यह कैसा अद्भुत जगत है।

आज मैं प्रभु की रचना के ऊपर विचार-विनिमय हम न करते हुए, विचार केवल ये कि मन प्रकृति का सूक्ष्म तन्तु है और वह तन्तु ब्रहे कृतम् कहलाता है। मेरे पुत्रों! देखो, ब्रह्म और चरि अपने में जब धारयामि बनता है तो ब्रह्म और चरि को जानता है। ब्रह्म कहते हैं परमपिता परमात्मा को और चरि कहते हैं प्रकृति को। जब ब्रह्मचारी दोनों का मन्थन करता है तो बेटा! वो ब्रह्मचरिष्यामि बन जाता है। वह ब्रह्मसूत्र को, ब्रह्मसूत्र को अपने में और अपने को ब्रह्मसूत्र में पिरो लेता है। तो विचार आता रहता है बेटा! वो याज्ञिक याग कर रहा है। दस इन्द्रियों के द्वारा और ग्याहरवाँ जो मन है, ये होता कहलाते हैं। बेटा! देखो इनमें वो सिमट जाता है अपने में ही अपने में, धारयामि बन जाता है। तो विचार आता रहता है बेटा! ऋषि ने कहा प्रभु, ये मनस्तत्त्व की धारा, उन्होंने कहा ये जो मनस्तत्त्व है, ये प्राण की गति से स्थिर रहता है। मानो यदि इसमें गति नहीं दी जाएगी, ये प्राण की गति नहीं होगी, तो न तो मन ही गतिवान हो सकेगा, और न इन्द्रियाँ ही गतिवान हो सकेंगी। तो इसलिए देखो, गति देने वाला प्राण है और यह प्राण मानो देखो, आत्मा के सन्निधान मात्र से, मुनिवरों! देखो उसमें ज्ञान और प्रयत्न की क्षमता हो जाती है। दोनों का एक कृतियों में रत्त हो जाते

हैं। तो मेरे पुत्रों! देखो, वेद का ऋषि आगे कहता है ''सम्भव ब्रव्हे यश्चनम् ब्रह्माः लोकाम् हिरण्यम् वृथाः'' मेरे प्यारे! देखो, वह जो हिरण्य है जो रथ ब्रव्हा, मेरे पुत्रों! संसार का जो रथी कहलाता है मानो इसको गमन करा रहा है, गति दे रहा है। संसार यह स्वतः अपने में गतिवान हो रहा है। तो आओ मेरे पुत्रों! देखो, वेद का ऋषि क्या कहता है, ब्रह्मचारियों को। हे ब्रह्मचारियों! देखो, दस इन्द्री ग्याहरवाँ मन और ये मानो देखो, याज्ञिक यजमान याग करता है तो उसका याग सफलता को प्राप्त हो जाता है। यदि देखो, इन्द्रियाँ और मन वशीभूत नहीं हैं, तो वह याग उसका सम्पन्न न हो सकेगा। तो इसीलिए उन्होंने कहा, ये ग्यारह होताओं के द्वारा यजमान को याग करना चाहिए।

नौ होता

मेरे पुत्रों! ब्रह्मचारियों ने कहा, प्रभु आपने नौ के, नौ होताओं से कहा था। वह नौ होता कौन से हैं? उन्होंने कहा, नौ होता वह कहलाते हैं, हमारा जब परमपिता परमात्मा ने शरीर रूपी यज्ञशाला का निर्माण किया तो मानो इसमें नौ द्वार उस प्रभु ने निर्धारित किए हैं। और नौ द्वारों को जब वो एकाग्र करता है, जो याज्ञिक याग करता है तो नौ जो देवता विद्यमान हैं प्रत्येक द्वार पर। नौ ऋषि विद्यमान हैं। उन देवताओं की प्रतिभा के आश्रित हो करके, बेटा! जब वो आहुति देता है, स्वाहा करता है, यजमान याग करता है, तो बेटा! अपने में वो सफलता को प्राप्त हो जाता है। आओ मेरे प्यारे! मैं विवेचना नहीं देने आया हूँ केवल तुम्हें परिचय देने के लिए आया हूँ। इनकी विवेचना यदि मैं देने लगूँगा तो बेटा! बहुत समय की आवश्यकता है। विचार केवल यह कि नौ द्वारों का उन्होंने कुछ वर्णन किया, उन्होंने कहा नौ द्वारों को एकाग्र करो मानो देखो उसी से यजमान को याग करना चाहिए। नौ द्वार उसके अपने में कटिबद्ध रहने चाहिए।

सप्त होता

मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्मचाारियों ने कहा प्रभु! ये वाक्य तो हमें, मेरी माता भी वर्णन कराती रही हैं। हम यह जानना चाहते हैं, क्या आपने सप्त होता कहा था। उन्होंने कहा अमृतम्, सात होताओं के द्वारा याग होता है। मेरे पुत्रों! देखो द्यौ अमृते, देखो विश्वम् ब्रव्हा कष्टतम् बृव्ही, मानो देखो ये नौ द्वार कहलाते हैं। नौ होता कहलाते हैं। बेटा! देखो, जो कण्ठ से ऊपरले भाग में रहते हैं, ये नौ द्वार हैं, नौ होता हैं। इनके द्वारा यजमान याग करता है। क्योंकि जो इसके नीचे का भाग है, जब ये सप्त होता एकाग्र हो जाते हैं तो मानो देखो निचरला भाग उसका शून्यवत हो जाता है, अपूती हो जाता है। तो मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि कहता है ''सम्भव ब्रव्हे कृतम्'' क्या मानो देखो सप्त होताओं के द्वारा याज्ञिक याग करने वाला बने। मेरे पुत्रों! यजमान की यज्ञशाला में सात होता हों और वह होता जितेन्द्रिय और इन्द्रियों को मानो अपने में वशीभूत करने वाले, और मानो देखो वह सप्त होता बन करके देखो बाह्य जगत और आन्तरिक जगत में, दोनों में यही चिन्तन मनन करता रहे, याग करता रहे।

पञ्च होता

मेरे पुत्रों! देखो, वेद के ऋषि ने जब ये वर्णन किया तो ब्रह्मचारी ने कहा, प्रभु! आपने पञ्च होता का वर्णन किया था। उन्होंने कहा, पञ्च होता, मानो देखो ये ''पञ्चम् ब्रव्हा कृतम् होतप्रव्हा'' वेद का वाक्य कहता है, क्या ये पञ्च होता कौन से बेटा! देखो, गुरुत्व, तरलत्व, तेजोमयी और गति और मुनिवरों! देखो इसमें वो भ्रमण करता है जब, तो ये मानो देखो पञ्च होता कहलाते हैं। पाँच इन्द्रियाँ इसी प्रकार कहलायी जाती हैं। जिनका इनसे सबसे समन्वय रहता है। मेरे पुत्रों! देखो, जैसे नेत्रों का देवता अग्नि है, और मुनिवरों! देखो अमृतम् ब्रहे, रसों का देवता ''रसस्वादनम् ब्रहे कृतम् देवत्वम्'' देखो आपो है। मेरे पुत्रों! गुरुत्व मानो देखो, पृथ्वी की आभा कहलाती है। इसी प्रकार जो गति हो रही है, वह

तेजोमयी इतना वो अग्नि का गृह है और मुनिवरों! देखो गति वायु का जिसमें भ्रमण कर रहे हैं। इसी प्रकार बेटा! सृष्टि के प्रारम्भ से और वर्तमान के काल तक बेटा! जितने भी विज्ञानवेत्ता हुए हैं, वह पाँच प्रकार की गतियों पर निर्धारित विज्ञान रहा है। और तीन प्रकार के परमाणु कहलाते हैं। मेरे प्यारे! देखो गुरुत्व, तरलत्व और तेजोमयी। मुनिवरों! ये तीन परमाणु हैं। और गति देने वाली परमाणुओं को वायु है। और जिसमें वो गतिवान हो रहे हैं उसको अन्तरिक्ष कहते हैं। उसे अवकाश कहा जाता है। तो मेरे पुत्रों! देखो, यह विज्ञान अपनी आभा में गतिवान हो रहा है। और पाँच प्रकार की गति हैं मुनिवरों! इस प्रकृति की। मुनिवरों! देखो सबसे प्रथम प्रसारण, ध्रुवा, ऊर्ध्वा और मुनिवरों! देखो आङ्कुचन और एक कृति कहलाती है। तो मानो ये पञ्च गतियाँ मानी गयी हैं। जिनको हमारे यहाँ बेटा! प्रसारण और गति में परणित कर दिया जाता है। और उसी को ध्रुवा और ऊर्ध्वा में, और उसी की मुनिवरों! आङ्कुचन शक्ति ला करके बेटा! देखो विज्ञान अपनी आभा में गमन करता रहता है। वैज्ञानिक अपनी-अपनी प्रतिभा में प्रतिभाषित होते रहे हैं। तो बेटा! देखों ये पाँच गतियाँ हैं, और तीन परमाणु हैं और मुनिवरों! देखो वायु इनको गति दे रहा है। ''सम्भवम् ब्रह्माः कृतमः'' मेरे पुत्रों! देखो, ये गतिवान हो रहा है जगत। अपने में गतिवान होता हुआ दृष्टिपात आ रहा है। जब मेरे पुत्रों! देखो विज्ञान अपने कक्ष में गमन करता है तो मेरे प्यारे! इस ब्रह्माण्ड को माप लेता है पाँचो में ही। और देखो जब परमाणुवाद को मापने लगता है तो तीन परमाणुओं को जान करके उनका ही मिलान करता हुआ नाना प्रकार के यन्त्रों का निर्माण करता रहा है। तो आओ मेरे पुत्रों! मैं विज्ञान के युग में तुम्हें ले जाना नहीं चाहता हूँ, केवल ये, क्या यजमान जब याग करता है तो बेटा! उसके पाँच होता होने चाहिए। मानो देखो उन पाँचों होताओं के द्वारा जो यजमान याग करता है वो धन्य हो जाता है। वो इस ब्रह्माण्ड को अपने में मापने लगता है। मेरे पुत्रों! ये बाह्य जगत और आन्तरिक जगत दोनों में प्रवेश कर जाता है।

तीन होता

मेरे पुत्रों! देखो जिज्ञासु ने कहा, हे भगवन्! यजमान ने ये कहा कि आपने तीन होताओं का नामोकरण भी तो किया है। उन्होंने कहा तीन होता, रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण कहलाते हैं। मानो देखो सतोगुण जितना भी पालन करने का, जितना भी क्रियाकलाप है इस संसार में, वो सतोगुण से होता है। मानो इसीलिए परमपिता परमात्मा को विष्णु कहते हैं। क्योंकि विष्णु पालन करने वाला है। और पालना करने वालो में बेटा! देखो, परमपिता परमात्मा, मेरी प्यारी माता, आत्मा, सूर्य, नाना रूप हैं बेटा! जो पालन कर रहा है। मानो देखो **जो पालन करता है, उसी का नाम विष्णु है। उसी का नाम मेरे पुत्रों! देखो सतोगुण में माना गया है।** जितना भी पालन होता है वो सब सतोगुणी रूपों में ही पालन होता रहता है। कोई भी प्राणी हो बेटा! देखो चाहे वह स्थावर सृष्टि हो, मानो जङ्गम हो, मुनिवरों! देखो, अण्डज हो, कोई भी प्रकार की सृष्टि हो। सर्वत्रता में बेटा! तीनों गुण प्राप्त होते रहते हैं। मेरे पुत्रों! देखो, रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण, ये तीनों गुणों में मानो सतोगुण विशिष्ट माना गया है। मेरे पुत्रों! देखो तमोगुणम् ब्रह्माः और दूसरा जो गुण है वो रजोगुण है जिसमें शासन होता है। उस शासन में भी पालना की मानो देखो एक भावना होती है। उसमें भी सतोगुण मिश्रित रहता है बेटा! और सतोगुण में भी रजोगुण मिश्रित रहता है। बड़ी विचित्रता है उस प्रभु की। बेटा! कितनी महानता से उन्होंने इस मानव जगत की रचना की है और मानवीयता की रचना की है बेटा! जब मैं उसके विज्ञान के ऊपर, हम विचार करने लगते हैं तो बेटा! अन्तर्हृदय गद्गद् हो जाता है और मैं ये कहा करता हूँ, हे प्रभु! तू कितना अनूठा है, कितना महान् है, कितना पवित्र है। मानो तेरे गुणों का गुणगान गाने के लिए हम असमर्थ हो जाते हैं। मेरे पुत्रों! देखो, वह रजोगुण, उसमें राजा पालन कर रहा है। शासक मानो देखो रजोगुण से दण्डित कर रहा है और दण्ड देने में भी सतोगुण विद्यमान रहता है। मेरे

पुत्रों! देखो, इसी प्रकार ऋषि ने कहा, क्या ये मानो देखो सतोगुण में पालन, रजोगुण में शासन है और तमोगुण में मानो देखो पालना ही समाप्तम् ब्रव्हे, मानो वो रजोगुण नहीं, केवल तमोगुण रह जाता है। तमोगुण में उत्पत्ति का मूल रह जाता है। मेरे प्यारे! देखो, उत्पत्ति रह जाती है। माता अपने गर्भ से एक सन्तान को जन्म देना चाहती है। वह अपने स्वामी से कहती हैं, हे प्रभु! हमारी इच्छा है कि हम पुत्र याग चाहते हैं। मेरे प्यारे! देखो ''यागाम् भवितम् ब्रह्मणाः लोकाम्'' मेरे पुत्रों! वेद मन्त्रों का उद्गीत गाते हुए, मेरे पुत्रों! देखो उसमें भी तमोगुण में भी सतोगुण की भावना, उनमें तरङ्गें मुनिवरों! देखो, विद्यमान रहती हैं। मेरे पुत्रों! जैसे काष्ठ में अग्नि विद्यमान रहती है। प्रत्येक स्थूल में अग्नि की देखो अनुभूति होती रहती है इसी प्रकार मुनिवरों! देखो, तमोगुण में भी सतोगुण की भी अनुभूति है और देखो रजोगुण की भी, और तमोगुण तो अपने में तमोगुण कहलाता ही है। मेरे पुत्रों! देखो उसमें एक उग्र क्रिया है और उग्र क्रिया में तमोगुण वह उत्पत्ति' के मूल में प्रविष्ठ हो जाता है।

मेरे पुत्रों! ऋषि कहता है, हे ब्रह्मचारियो! वही सतोगुण है, वही रजोगुण है और वही तमोगुण कहलाता है। परन्तु अपने में वो सिमटता रहता है। वाह रे मेरे प्रभु! तू कितना विचित्र है। मेरे प्यारे! देखो, एक-दूसरे के लिए तीनों मनके हैं, एक-दूसरे में पिरोए हुए हैं और एक ही सूत्र में पिरोए जाते हैं। बेटा! तो मेरे प्यारे! देखो, ऋषि ने कहा, क्या ये रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण, इसकी विवेचना तो बड़ी विचित्र है। मैं व्याख्या देने नहीं आया हूँ।

दो होता

केवल ऋषि कहता है, ब्रह्मणे मानो देखो, दो होता और रह गए हैं। प्रकृति और ब्रह्म, दोनों ही होता हैं। मेरे पुत्रों! देखो, यजमान जब याग करता है, तो अपने में मेरे पुत्रों! यज्ञशाला में विद्यमान हो करके

और वह दो के द्वारा यज्ञ होता रहता है। दो होता कहलाते हैं बेटा! प्रकृति और ब्रह्म। ये दोनों ही मेरे पुत्रों! देखो हुत कर रहे हैं, वह हुत हो रहा है। आहुति दी जा रही हैं।

एक होता

बेटा! देखो वह ब्रह्मणे, प्रकृति को भी जब अपने में सिमेट लेता है तो उस समय बेटा! एक ही ब्रह्म रह जाता है। और वह ब्रह्म सूत्र को जब अपने में पिरो लेता है तो बेटा! आनन्द की पगडण्डी और देखो वह मोक्ष की पगडण्डी को ग्रहण कर लेता है। तो विचार आता रहता है, मेरे पुत्रों! देखो, हम एक ब्रह्म की उपासना, देवत्व की उपासना करने वाले बनते हुए, परन्तु देखो इस सर्व संसार को जानते-जानते, हम बेटा! एकोकी ब्रह्म में अपने को स्वीकार कर लें। **ब्रह्म को अपने में, अपने को ब्रह्म में, तो बेटा! देखो आनन्द की वृष्टि होने लगती है। हम आनन्द में ही प्रवेश कर जाते हैं।** अपने को देखो जब उस द्वितीय भाव वृत्तियों में नहीं रह पाता, तो बेटा! आनन्द क्या, मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

आओ मेरे प्यारे! देखो, **आज का हमारा विचार** क्या है। हम बेटा! इस संसार रूपी यज्ञशाला को अपने में धारण करते रहें, और शरीर रूपी यज्ञशाला को भी हम जानते रहें। क्योंकि जिसमें हमारा आत्मा, हम आत्मा विद्यमान है और परमात्मा सखा भी उसमें विद्यमान है। मेरे पुत्रों! देखो, **आत्मा अपने में चिन्तन करने वाला बने, ज्ञान और विज्ञान में रत्त होता रहे** तो बेटा! देखो इस संसार सागर से वो पार हो जाता है। तो विचार आता रहता है कि परमपिता परमात्मा का जो यह जगत है, ये बड़ा विचित्र है। ये मानो देखो यज्ञशालाएँ बड़ी विचित्रत्व मानी गयी हैं। तो वेद के ऋषि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा, ...

शेष अनुपलब्ध

दिनाँक : 25 जनवरी, 1990

॥ ओ३म् ॥

शतपथ ब्राह्मण

जीते रहो!

देखो, मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद-वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद-वाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महती का वर्णन किया जाता है क्योंकि वह परमपिता परमात्मा महिमावादी हैं। मानो वे वरणीय कहलाते हैं। जो मानव उस परमपिता परमात्मा को अपना वरण बना लेता है अथवा उसे वर लेता है वे प्रायः उसी को प्राप्त हो जाता है। इसीलिए हमारा वेद का मन्त्र यह कहता है कि वो परमपिता परमात्मा वरणीय माने गए हैं और हमें उस परमपिता परमात्मा को अपना वरण बना लेना चाहिए अथवा उसे वर लेना चाहिए, क्योंकि हमारे यहाँ परम्परागतों से ही वेदों के ऊपर महान् अनुसन्धान होता रहा है। एक-एक वाक्य को लेकर के ऋषि-मुनियों ने बड़े अनुसन्धान अथवा अपने में रत्त रहने के लिए सदैव मानो तत्पर रहे हैं जिसके ऊपर हमारा जीवन मानो निर्धारित रहता है। बहुत पुरातन काल हुआ, जब बेटा! वेद मन्त्रों के ऊपर हमारा प्रायः अन्वेषण होता रहता था अथवा विचार-विनिमय होता, जिन विचारों को लेकर के मानव अपने जीवन को महान् बनाता है। उन्हीं विचारों के ऊपर मानो, हमारे वेदों के ऊपर नाना प्रकार की टिप्पणियाँ और उनके ऊपर विचार-विनिमय होता रहा है।

दो प्रकार की धारा

मानो दोनों प्रकार की धाराओं का जन्म मानव के चिन्तन करने से

प्राप्त होता है। एक मानवीय दर्शन है, एक मानो भौतिक दर्शन है। ये दोनों प्रकार के दर्शनों की चर्चाएँ बहुत पुरातन काल में बेटा! हमारे ऋषि-मुनियों ने कीं। मानव दर्शन के ऊपर तो मानव अपने में आधिपत्य रहा है। परन्तु यहाँ भौतिक विज्ञान की विवेचना आती रहती है और भौतिक दर्शन के ऊपर मानव चिन्तन करता रहता है, उसका बेटा! विज्ञान, मानवीयत्व विज्ञान में परणित हो जाता है। क्योंकि विज्ञान भी अपने में मानो एक अद्वितीय चिन्तन है। जब मेरे प्यारे! देखो, अध्यात्मवादी मानव दर्शन में प्रवेश करता है तो उसके ऊपर बहुत ऊँची-ऊँची उड़ाने उड़ता रहता है। मुझे बहुत पुरातन काल हुआ बेटा! नाना ऋषियों के दर्शन करने के सौभाग्य प्राप्त हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन के ऊपर बड़ा चिन्तन किया है और मनन किया है। परन्तु इसीलिए मानव को मननशील रहना चाहिए और वेदों की ध्वनि के आधार पर अपने को ध्वनित करना चाहिए। तो आओ मेरे प्यारे! आज मैं विशेष तुम्हें चर्चा में नहीं, केवल आज का हमारा वेद मन्त्र कहता है कि हम परमपिता परमात्मा को अपना वरणीय स्वीकार करें। क्योंकि संसार में जिसको जो वर लेता है वो प्रायः उसी को प्राप्त हो जाता है। तो इसीलिए हमें परमपिता परमात्मा को प्रायः अपना वरणीय बना लेना चाहिए।

तपस्वी बनने की प्रेरणा

आओ मेरे प्यारे! आज मैं उन वाक्यों में ले जाना चाहता हूँ जहाँ मुनिवरों! देखो, महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज की वो चर्चाएँ, वो साहित्य हमारे समीप आ रहा था। वेद का मन्त्र कहता है, तपम् तपश्याम् तपम् हृदयाम्, ब्रह्मम् वाचोः तपाः। मेरे प्यारे! ये संसार तपोमयी है। ये संसार तपों की आभा में निहित रहता है। तो वेद का मन्त्र कहता है, हे मानव! तू तपस्वी बन। तू साधक बन कर के अपने प्रभु के समीप पहुँच। परन्तु इसी से तेरा जो मानव दर्शन है, मानवीयता है, मानो उसकी धारा का जन्म होता रहेगा। तो मुनिवरों! देखो, वेद का मन्त्र यही तो कह रहा है कि

